तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025




14 समर्पित भाव से भक्ति करने पर ज्ञान और वैराग्य स्वमेव होते हैं ...



13 विधायक संगीता की अध्यक्षता में ब्लॉक ...



# पैरा दान के लिए जागरूकता अभियान चलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में धान कटाई जोर शोर से चल रहा है जिसके तहत किसान जल्द अपने फसलो को काटकर समितियो के माध्यम से बेचते दिख रहे है लेकिन धान कटाई के बाद खेतो में बचे अवशेष को लेकर अभी से शासन प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर पैरा दान का अभियान चलाया जाना चाहिए। ताकि सड़को में घुमने वाले घुमंतु मवेशीयो के लिए चारे की व्यवस्था हो सके।

शासन द्वारा चलाए जा रहे गौधाम योजना के तहत जिले के कई जगहो में अब गौधाम के तहत सतिति के माध्यम से गौधाम का संचालन किया जाएगा, जहां समितियों द्वारा शासन के सहयोग से घुमंतु मवेशीयों के देखभाल, चारा पानी की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जाएगी।

लेकिन इन समितियों द्वारा स्वयं के प्रयास से मवेशीयों के लिए चारा की व्यवस्था करना एक चुनौती जैसा है, ऐसे में शासन प्रशासन स्तर पर किसानों को जागरूक कर पैरा दान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि समितियों द्वारा किए जा रहे इस नेक कार्य को प्रोत्साहन मिले और समितियो को गौशाला चलाने में दिक्कतो का सामना ना करना पड़े।

## खेतों में बचा पैरा बना संजीवनी, समितियों के संचालन में मिलेगा सहारा



### समितियों को मिलेगा प्रोत्साहन

वर्तमान में धान कटाई जोरो पर है और कई किसान जो धान की कटाई कर चुके है। वे धान विक्रय में व्यस्त है ऐसे में वर्तमान में किसानों द्वारा खेतो में फसल के अवशेष को आग के हवाले नही किया जा रहा है। ऐसे में अगर शासन प्रशासन अभी से किसानों को जागरूक कर पैरा दान की अपील करती है और इस ओर विशेष कदम उठाती है तो गौधान योजना के तहत कार्य कर रहे समितियों को प्रोत्साहन मिलेगा। वही जिले के कई निजी पशु पालक ऐसे है जो अपने खेतो के साथ आस पास के खेत मालिको से बात कर अपने पशुओं के लिए मजदूरो के माध्यम से खेतो में मौजूद पैरा को ईकट्ठा करते दिख रहे है और एक सुरक्षित स्थान में उस पैरा को रखकर कई महिनों तक अपने पशुओ के चारे की पूर्ति करते हैं। जिससे निजी पशु मालिको को चारे की व्यवस्था के लिए दिक्कतों का सामना नही करना पड़ता।

## खबर संक्षेप

### बारातियों ने युवक की पिटाई की, रिपोर्ट दर्ज



**बालोद।** मोहल्ले में आए बारातीयो ने डीजे की धुन में नाचने के दौरान बगल में खड़े युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद युवक ने मारपीट करने वाले युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। शिकारी पारा बालोद निवासी यश चौधरी ने पुलिस को बताया कि 22 नवंबर को लगभग शाम 07 बजे मेरे मोहल्ले में शादी का कार्यक्रम हो रहा था शादी कार्यक्रम में बारात के आने पर मै बारात को देखने गया था और डीजे बज रहा था तो मै बाजू मे खडे होकर देख रहा था कुछ लोग डांस कर रहे थे। डांस करते करते बाराती के कुछ लडके मुझे धक्का मारने लगे तब मै उन लडको को धक्का क्यो मार रहे हो कहकर मना किया तो भावेश तारम व तुका राम पटेल व उसके अन्य दोस्त निवासी रायपुर के द्वारा मुझे गालिया देकर बाजू में पडे डंडा व एक लडका द्वारा पहने चुडा से मुझे मारपीट करने लगे मारपीट से मेरे सिर, दोनो हाथ व पीठ में चोट आकर दर्द है।

### अज्ञात चोरों ने 40 हजार की कीमती रेलवे केबल की चोरी की, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** रेल्वे लाईन किनारे केबल तार बिछाने के लिए 50 मीटर 12 कोर केबल वायर को कोई अज्ञात चोर द्वारा काटकर चोरी कर ले गया। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मांडवी थाना तिरोडा जिला गोंदिया राज्य महाराष्ट्र निवासी निखिल ने पुलिस को बताया प्रायवेट सुपरवाइजर एसएनटी विभाग में कार्यरत हूं। बिलासपुर निवासी चंद्रशेखर के द्वारा रेल्वे विभाग में ग्राम गुदुम रेल्वे स्टेशन से ग्राम छिंदगांव तक रेल्वे लाईन किनारे केबल तार बिछाने का ठेका लिया है, गुदुम रेल्वे स्टेशन से रेल्वे लाईन किनारे केबल तार बिछाते हुए ग्राम लिम्हाटोला से अवारी नाला के पास आया है, केबल तार बिछा था, देखरेख के लिए चौकीदार नही है। 15 नवंबर के शाम 05 बजे तक काम होने के बाद मजदूरो का छुट्टी होने के बाद मैं ग्राम लिम्हाटोला चला गया, 16 नवंबर को सुबह करीबन 09 बजे काम पर आया तो देखा ग्राम लिम्हाटोला से अवारी नाला के बीच ग्राम अवारी से लगे करीबन 50 मीटर 12 कोर केबल वायर कीमती 40 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर काटकर चोरी कर ले गया है, आसपास एवं मजदूरो से पूछताछ कर चोरी गयी संम्पति का पता तलाश करते रहा, पता नही चलने पर ठेकेदार चंद्रशेखर को घटना के बारे में बताया।

## कार्रवाई

### बालोद में बजरंग दल-विहिप ने पकड़ी अवैध प्रार्थना सभा

# कलंगपुर की प्रार्थना सभा में मतांतरण का मामला उजागर, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बालोद जिला के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर से रनचिराई थाना क्षेत्र अंतर्गत कलंगपुर गांव के एक घर में चलाए जा रहे अवैध प्रार्थना सभा को लेकर शिकायत की व पुलिस को सूचना देकर मामले का खुलासा किया।

वहीं इस मामले में मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर दो लोगों पर कार्यवाही की व दोनों को पकड़ कर पुलिस थाना लाया गया। इस कार्यवाही में ग्राम बोरसी दुर्ग निवासी विजय साहू पास्टर 28 वर्ष व ग्राम भटगांव निवासी मिथलेश साहू 25 वर्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने बताया विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को लंबे समय से सूचना मिल रहा था। गांव के ही एक घर जो कि ग्राम कलंगपुर निवासी मिला बाई 70 वर्ष का है। वहां ये दोनों अभियुक्त लोगों को एकत्र कर मतांतरण का खेल खेल रहे हैं तभी हिंदू संगठन के युवा व पुलिस ने घर में जाकर

▶▶| शेष पेज 13 पर



### जिले में कई स्थानों पर सक्रियता का दावा

बलराम गुप्ता ने आरोप लगाया आज भी इस मामले में जिस पास्टर को पकड़ा गया है। बोरसी दुर्ग का रहने वाला है। जो कि कलंगपुर में आकर प्रार्थना सभा करवा रहा था। आज इस मामले का खुलासा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मिलकर रनचिरई थाना के सहयोग से प्रार्थना सभा को बंद कराया उक्त कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री महेंद्र सोनवानी, जिला सह मंत्री उमेश कुमार सेन, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष विजय कोसरिया, बजरंग दल जिला सह संयोजक स्वप्निल शर्मा, प्रखंड संयोजक बजरंग पंकज साहू, विश्व हिंदू परिषद धर्म आचार्य आकाश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ बजरंग दल रविकांत सोनकर और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### लंबे समय से मिल रही थी सूचना - विहिप

बलराम गुप्ता ने कहा हिंदुओं को बरगलाकर ईसाई अनुयाई बनाकर उनको हिंदू धर्म समाज से अलग करने का आरोप विश्व हिंदू परिषद संगठन लंबे समय से लगा रहे हैं। वही जिले में लगातार ऐसे मामले पर कार्यवाही कराने सामने भी आ रहे हैं। मामले में गिरफ्तार दो लोगों को पुलिस ने सक्षम न्यायालय में देर शाम पेश किया जहां कार्रवाई जारी है। विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे ही ईसाई पास्टर लोगों के बहकावे में आकर हिंदू धर्मांतरित लोग आए दिन गांवों में नए कब्रिस्तान बनाने की मांग करने कलेक्ट्रेट पहुंच पत्र देते हैं। जबकि वो मूल रूप से हिंदू जाती वर्ग से उल्लेख रखते है। ऐसे लोगों के कारण जिले के कई गांवों में विवाद की स्थिति बन रहा है। विश्व हिंदू परिषद बालोद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने मामले को लेकर कहा कि विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता लगातार गैर कानूनी तरीके से चलाए जा रहे अवैध प्रार्थना सभा को बंद कराने हिंदुओं के मतांतरण को रोकने के काम में लगा हुआ है। लगातार मामले के खुलासे से स्पष्ट है। की कुछ धर्मांतरित हिंदू जो कि अपने आप को ईसाई विश्वासी

▶▶| शेष पेज 13 पर

# धोबनी में पिता ने बेटे पर किया टंगिया से हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- युवक गंभीर, पिता पुलिस की गिरफ्त में

पिता द्वारा अपने बेटे को टंगिया से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। जिसके बाद हमला करने वाले व्यक्ति के छोटे भाई अपने बड़े भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 109(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम धोबनी (अ) थाना डौण्डी निवासी गुमान सिंह दुग्गा ने पुलिस को बताया कि बड़ा भाई सुमन सिंह दुग्गा ग्राम धोबनी (अ) में घर जमाई बनकर आया है। मै भी ग्राम मीजगांव जिला मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी से बड़े भाई के पास रहुंगा सोच कर ग्राम धोबनी (अ) आकर बस गया हूं। दोनो का परिवार गांव में अलग अलग रहते है, बड़ा भाई सुमन दुग्गा का एक लड़का कोमल दुग्गा व दो लड़की तामेश्वरी, प्रिया है बड़ा भाई सुमन दुग्गा अपने लड़का कोमल दुग्गा, बहु रामेश्वरी व दो नाति के साथ रहते है 21 नवंबर को दल्ली राजहरा काम से रात्री करीबन 09 बजे गांव के स्कूल के पास मोटर सायकल से पहुंचा ही था तभी बड़ा भाई सुमन मुझे देखकर बोला कि मै थाना जा रहा हूं तब मै पुछा कि क्यो थाना जा रहे हो तब वह बोला लड़का को टंगिया से मार दिया हूं फिर मै घर पहुंच कर नहा धोकर बड़े भाई के घर पहुंचा तो घर मे काफी भीड़ भाड़ था वहां पर हरि राम कोवाची, लेखराम सेवता, सरजू राम कोवाची एवं अन्य लोग थे। .

मै भतीजा कोमल को देखा तो गर्दन, हाथ, कलाई, दोनो बांह, जबड़ा, सिर व पीठ में गंभीर चोट आया था काफी खुन बह गया था। मै भतीजे के शरीर मे आये चोटों को देखकर चक्कर आने से मै घर से बाहर निकल गया, भतीजा की सांसे चल रहा

▶▶| शेष पेज 13 पर

## मनीष का लेखा सेवा अधिकारी पद पर चयन



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के छोटे से ग्राम गैजी ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। गांव के निवासी रोहित कुमार आलेन्द्र के पुत्र मनीष कुमार आलेन्द्र का चयन लेखा सेवा अधिकारी के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। रोहित कुमार आलेन्द्र जिला सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। पुत्र मनीष ने भी उच्च सफलता प्राप्त कर परिवार एवं समाज का मान और बढ़ा दिया है। मनीष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन से यदि कोई एक लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत की जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने विशेष रूप से माता-पिता के आशीर्वाद और उनकी प्रेरणा को अपनी सफलता का मुख्य आधार बताया। मनीष कुमार आलेन्द्र की उपलब्धि से न केवल उनका परिवार गौरवान्वित है, बल्कि पूरा गांव और क्षेत्र भी अत्यंत प्रसन्न है। ग्रामीण उनके घर पहुंचकर तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान कर रहे हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

## 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए गगन त्रिपुरा रवाना

**कुसुमकसा।** 169वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शतरंज बालक 17 वर्ष आयु वर्ग के लिए सेजेस कुसुमकसा, जिला बालोद के प्रतिभाशाली खिलाड़ी गगन साहू आज त्रिपुरा (अगरतला) के लिए रवाना हुए। एसजीएफआई द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 से 30 नवंबर 2025 तक आयोजित होगी, जिसमें गगन साहू छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।



गगन साहू के कोच लक्ष्मण गुरुंग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष के राष्ट्रीय स्कूल खेलों में देशभर से 30 टीमें भाग ले रही हैं, जो विभिन्न खेलों में अलग-अलग स्थानों पर प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिताओं में शतरंज, फुटबॉल, वूशु, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि खेल शामिल हैं। व्याख्याता तामसिंग पारकर ने कहा कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन है तथा यह एशियन स्कूल गेम्स महासंघ और अंतरराष्ट्रीय स्कूल खेल महासंघ से संबद्ध है। उन्होंने बताया कि आदिवासी वनांचल जैसे क्षेत्र कुसुमकसा से शतरंज जैसा रणनीति और धैर्य का खेल खेलने वाला खिलाड़ी राज्य स्तर पर नेतृत्व करने जा रहा है, यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। गगन साहू की सफलता पर शाला समिति अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र मिश्रा, योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा

▶▶| शेष पेज 13 पर

### टीकाकरण, एनिमिया व चिरायु कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की

# कलेक्टर दिव्या ने विभागीय समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों में किसी प्रकार की समस्या न हो। कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के प्रथम तिमाही में पंजीयन तथा 4 आवश्यक जॉच, आयरन गोली का वितरण, संस्थागत प्रसव की संस्थावार समीक्षा की तथा इस संबंध में अब तक प्राप्त लक्ष्य की जानकारी ली।

उन्होंने पर्याप्त स्टाफ और भवन वाले स्वास्थ्य केंद्रों में अप्रैल 2025 से अक्टुबर तक शून्य प्रसव वाले संस्थाओं के कर्मचारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश



दिए हैं। उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत छुटे हेतु शत्प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण, यू–विन पोर्टल पर शत प्रतिशत एन्ट्री, एनिमिया मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत स्कूल व आंगनबाड़ी के बच्चों दी जाने वाली आयरन गोली की समीक्षा कर प्राप्त लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने चिरायु कार्यक्रम अन्तर्गत गंभीर जटिल बीमारी वाले बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर उच्च संस्थानों में ईलाज कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में प्रसव उपरान्त गंभीर अवस्था वाले नवजात शिशुओं के लिए संचालित एस.एन.सी.यू. व एन.बी.एस.यू. में शतप्रतिशत शिशुओं को भर्ती कर उपचारित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिले में मातृ एव शिशु मृत्युदर में मानक अनुरूप कमी लाने कड़े निर्देश भी दिये गये। इनके द्वारा समय पर समस्त डाटा की एन्ट्री के निर्देश के दिये गये शासने से प्रदाय टी.ओ. आर के अनुरूप समस्त मैदानी कर्मचारियों से कार्य लेने के कड़े निर्देश दिए गए।

कलेक्टर मिश्रा ने मुख्यालय में निवास नही करने तथा कार्यक्रमों में आशाजनक उपलब्धि हांसिल नहीं करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये गये। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की भतएँ एवं उपचार की स्थिति, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, आईडीएसपी. कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदाय की जाने वाली सेवाए, आरोग्य समीति की बैठके व स्वास्थ मेला, मानसिक स्वास्थ्य

▶▶| शेष पेज 13 पर


हरिभूमि




सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### पंचायत ने किया मितानिनों का सम्मान

**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत परिवार ने मितानिन खेतिहारीन मारकंडे, कमरता साहू, प्रभा साहू, मितानिन प्रेरक तुलसी महिलांग को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों ने समाज सेवा के काम करने प्रेरित किया। कचरा संग्रहण के लिए ग्राम पंचायत की ओर से कूडादान दिया गया।

### कैडेटों ने निकाली जागरूकता साइकिल रैली



**अंजोरा।** एनसीसी दिवस के अवसर पर अंजोरा स्थित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के केडेटों ने विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य किए। कैडेटों ने घोड़े पर सवार होकर एनसीसी ध्वज लेकर मार्च पास्ट किया। सायकल रैली के माध्यम से जन-जागरुकता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक किया। कैडेटों ने दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा एकत्र किया। अंत में कैडेटों ने एनसीसी गान एवं भारत माता के जयघोष के साथ समापन किया।

### दुष्यंत बने आबकारी सब इंस्पेक्टर



**मुरमुंदा।** अपनी मेहनत और लगन के दम पर छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर दतरेंगाटोला के दुष्यन्त चन्द्रवंशी ने आबकारी सब इंस्पेक्टर बनने में कामयाबी हासिल किया ळै। शुरू से ही मेधावी दुष्यंत चन्द्रवंशी की उपलब्धि से माता-पिता, परिवार जन एवं इष्टमित्रो मे खुशी की लहर है। दुष्यन्त ने उपलब्धि का श्रेय खुद की मेहनत, गुरूजनो एवं माता-पिता के मार्गदर्शन को दिया है। दुष्यन्त को कंवर महासभा अध्यक्ष बिंदुलाल चंद्रवंशी, महिला जिला अध्यक्ष ललिता कंवर, नीलाम्बर चंद्रवंशी, इंदिरा चन्द्रवंशी, युवा जिलाध्यक्ष प्रमोधदास सिरदार, सीएल चंद्रवंशी, कुलवंत दुधनांग, धनुषराम कंवर, रवि चंद्रवंशी, महेंद्र कंवर, संजीव चंद्रवंशी, भुवनेश्वर कंवर, शिव कंवर, भागवत कंवर, विक्रम कंवर, शोभित कंवर, कल्पलता कंवर, संगीता करवार, हेमलता दुधनांग, रतिराम मुंजारिया, कोमल वर्मा, हेमंत वर्मा, प्रमोद सिन्हा आदि ने बधाई दी है।

### शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक, हेपशीबा एंथोनी द्वारा प्राचार्य आरके देवांगन की अनुमति से शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें वह विद्यार्थी हैं जो शाला बीच में छोड़ चुके हैं या परीक्षा फॉर्म भरने के बाद शाला नहीं आ रहे है। आ भी गए तो शाला अवधि में अकारण बिना बताए अन्यत्र चले जाते हैं। पालकों, ग्राम प्रमुख तथा सरपंच से निवेदन किया गया कि जो भी बच्चे स्कूल समय में इधर-उधर भ्रमण करते हैं उन्हें शाला भेजें। इन सभी विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई कि कहीं उन्हें आर्थिक तंगी, स्वास्थ्य समस्याएं, प्रतिकूल माहौल, पारिवारिक समस्या या कोई लत तो नहीं है। इन विद्यार्थियों को पढ़ाई का महत्व को बताते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

## राजस्थान के बाशिंदे हुए अपराध के शिकार

# भेड़ चोरी के बाद मारपीट तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भेड़ चोरी करते पकड़े जाने पर प्रार्थी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से छुरा एवं बाइक बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागिय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के निर्देशन तथा अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर व चौकी पाटनखास प्रभारी गणेश यादव के नेतृत्व में भेड़ चोरी व मारपीट के मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### मारपीट कर छुरा चलाया

पुलिस के मुताबिक आवेदक श्याम रबारी 25 वर्ष ग्राम मिंदीआड़ा थाना अंजार जिला कच्छ का रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह लगभग छह वर्षों से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं महाराष्ट्र बॉर्डर क्षेत्र के जंगलों में अपने साथियों के साथ भेड़ चराता है। गत 21 नवंबर को लगभग 5 बजे उसके नौकर सूरज बैगा ने बताया कि एक भेड़ नजर नहीं आ रही है, जिस पर अपने बड़े भईया माँगा रबारी के साथ मोटर साइकिल से खोजते हुए ग्राम डंडासुर की ओर गए तो डंडासुर से वासड़ी जाने वाले मार्ग पर एक पेड़ के पास तीन व्यक्ति उसके भेड़ को छुरी से काटकर सिर व धड़ को अलग कर दिया था। पूछने पर तीनों व्यक्तियों ने उसे और बड़े भैया मंगा रबारी के साथ मारपीट किया तथा इंद्रकुमार नेताम अपने हाथ में रखे लोहे के छुरा से उसके बड़े भाई की बांई भुजा के पीछे वार किया जिससे खून निकलने लगा। भाई वहीं पर गिरकर बेहोश हो गया। तीनों व्यक्ति कटे भेड़ को छोड़कर भाग गए। रिपोर्ट पर धारा 296, 303(1), 118(1), 3/5 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

इस मामले में पुलिस ने आरोपी इंद्रकुमार नेताम, पवन यादव, अर्जुन सिंह निवासी डंडासुर को पकड़कर थाना लाया। आरोपी इंद्रकुमार नेताम को घटनास्थल में पेश करने पर एक छुरा एवं आरोपी अर्जुन लाऊत्रे से पल्सर मोटर साइकिल को जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया।

# पेनाल्टी शूट से तय हुआ परिणाम

## फुटबाल स्पर्धा में साइंस कॉलेज राजनांदगांव विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में गत दिनों सेक्टर स्तरीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश पटेल ने किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ एके धमगाये, पार्षद पद्मिनी ठाकुर, सदस्य महेश्वर साहू, गोविंदा राजपूत, गौरव यदु, नवनीत अहीर उपस्थित थे।

इस दौरान श्री पटेल ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अच्छे खेल का प्रदर्शन करने प्रेरित किया। पार्षद पदमि जी ने खेल से शारीरिक मज़बूती और विकास के लिए जरूरी बताया। प्रतियोगिता में खेल अधिकारी पीके हरि, परेश वर्मा, अशोक चौधरी, मुन्नालाल नंदेश्वर एवं डॉ. मोरध्वज सोनवानी शामिल हुए । निर्णायक लक्ष्मणराव कदम, रेखांक साहू, हिमांशु अहीर और मनीष साहू थे। संचालन अतिथि क्रीड़ा अधिकारी रोशन पटेल ने किया।

### डोंगरगढ़ को उपविजेता का खिताब

प्रतियोगता में राजनांदगांव परिक्षेत्र की 6 टीमों ने भाग लिया। पहला सेमीफाइनल मैच नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ और दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के बीच हुआ। 4-3 पेनाल्टी शूट के साथ डोंगरगढ़ की टीम विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव और डोंगरगांव कालेज के बीच खेला गया जिसमें 2-1 गोल स्कोर के साथ विज्ञान महाविद्यालय विजेता रहा। फाइनल मुकाबला साइंस कॉलेज राजनांदगांव और नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ के बीच हुआ। दोनों ही टीम के 2- 2 गोल की बाराबरी पर रहने के बाद पेनाल्टी शूट में साइंस कॉलेज 5-4 के स्कोर के साथ जीत हासिल किया। नेहरू महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

# एसआईआर में सहयोग करें भाजपा कार्यकर्ता



**डोंगरगांव।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम के तहत नपं के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने शनिवार को गणना पत्रक जमा किया। उन्होंने पार्टी के बीएलए 1 सहित बूथ एजेंट, बूथ पालकों को सजगता और जिम्मेदारी के साथ बीएलओ को सहयोग कर मतदाता सूची के पुनर्निर्माण में सहभागिता निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस कार्य में प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करे कि पात्र नागरिक का नाम सूची में हो और जिनके नाम हटाए जाने की आवश्यकता है उन्हें हटाया जाए। इस मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, महेश्वर साहू, राकेश देवांगन, गौरव यदु आदि उपस्थित थे।

### कर्मचारी संघ की बैठक सात को

**डोंगरगढ़।** लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ कीप्रांतीय बैठक आगामी 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे प्रांतीय कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में संघ की पुरानी 7 सूत्रीय मांगों, सदस्यता अभियान एवं आगामी प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन पर चर्चा की जाएगी। बैठक में विभिन्न मांगों के प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। बैठक में एकता अभियान एवं साथी सम्मान कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष, संभागीय, जिला, तहसील एवं विकासखंड पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# दो करोड़ मंजूर, नाली- सड़क के निर्माण को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत की सामन्य सभा में गुरूवार को अधोसंरचना मद से स्वीकृत दो करोड के विकास कार्यो को कराने की मंजूरी दी गई। सामान्य सभा से स्वीकृति मिलने के बाद प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

जानकारी के अनुसार नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने अक्टूबर में अधोसंरचना मद से दो करोड़ की स्वीकृति दी थी। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पार्षदों को पांच- पांच लाख की नाली एवं सडक के प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा था। पार्षदो का प्रस्ताव मिलने के बाद सामान्य सभा की बैठक गुरूवार को रखी गईं । बैठक में सभी वार्डो में पांच पांच लाख एवं शेष राशि से अन्य कार्य कराने की मंजूरी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सीएमओ विजय पांडे, उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता पार्षद खेदीबाई अमिला, सुरेश नेताम, रितेश मेश्राम, दिलीप कुंभकार, विनोद डेहरिया, गोपीचंद देवांगन, उषा यादव, मुकेश सिन्हा, झरनेश कुंभकार, कविता यादव, किशुन पटेल, उमा निषाद, कांशी निषाद उपस्थित थे।

### प्रस्ताव पर लगी मुहर



#### नपं में होगा प्रथम तल का निर्माण

निकाय कार्यालय में कक्ष की कमी को देखते हुए प्रथम तल निर्माण की मंजूरी दी गई। इसी प्रकार मुख्य मार्ग में बजरंग चौक, गांधी चौक से बाजार तक, मेन रोड के डामरीकरण करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया। शेष राशि से पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन का जीर्णोद्धार, शापिंग काम्पलेक्स की मरम्मत, नया बस स्टैन्ड में सडक निर्माण, पेयजल समस्या का निराकरण के लिए बोर खनन को मंजूरी दी गई।

#### बाजार की दुकानों का होगा आबंटन

मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना अंतर्गत बनी 19 दुकाने को एक बार फिर पुनः आबंटित करने की प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी सामान्य सभा में दी गई। यह दुकाने आबंटित नहीं होने से जीर्ण शीर्ण हो गई है। निकाय का आय बढाने के लिए अध्यक्ष के प्रस्ताव को परिषद ने मंजूरी दी। योजना अंतर्गत निर्मित दुकाने शिक्षित बेरोजगारो को ही आंबटित किया जाना है।

# भूपेन्द्र बना कर इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



इरादे नेक और हौसला बुलंद हो तो कामयाबी जरूर मिलती है इस उक्ति को चरितार्थ कर ग्रामीण परिवेश का युवक ने सफलता हासिल किया है। भूपेन्द्र नर्मदा के समीप बेलगांव का निवासी है। उसके पिता भरत जंघेल कृषक है। भूपेन्द्र वर्तमान में रानी अवंती बाई महाविद्यालय छुईखदान में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। उसका चयन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में कर इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है।

भूपेन्द्र ने चौथे प्रयास में सफलता अर्जित किया है। पूर्व में असफलता मिलने पर भी उसके हौसले कम नहीं हुए और वह सफलता के लिए प्रयास करते रहा। भूपेन्द्र ने 2021 में पहली बार सीजी पीएससी परीक्षा दी थी। 2022 में वह प्री और मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटरव्यू तक पहुँच कर 326 वीं रैंक हासिल किया। उन्हें पद आबंटित नहीं हो सका। साल 2024 में मेन्स परीक्षा न होने से निराश होने के बजाय उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की लैब टेक्नीशियन परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में वह छुईखदान महाविद्यालय में कार्यरत हैं। इसी बीच उन्होंने सीजी पीएससी में पुनः प्रयास करते हुए अपने चौथे प्रयास में सफलता प्राप्त की।

### बधाई देने लगा तांता

भूपेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बहन, गुरुओं और मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि परिजनों के सहयोग, मार्गदर्शन और कठिन परिस्थितियों में दोस्तों के उत्साहवर्धन ने उन्हें मजबूत बनाया। भूपेन्द्र की सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस कामयाबी पर लोकेश जंघेल, गणपत जंघेल, जिधन जंघेल, चमरू जंघेल, गया जंघेल, मया जंघेल, मनहरण जंघेल, धनी जंघेल आदि ने बधाई दी है।

### खड़गांव में क्रिकेट स्पर्धा एक से

**खड़गांव।** ग्राम में आगामी एक दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में आसपास की क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। ग्राम के लक्की गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पहले चरण में मैदान समतल किया जा रहा है।

# वॉटसन के योगदान पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में विज्ञान विभाग ने गत दिनों डॉ. जेम्स डी वॉटसन की यात्रा और विज्ञान में उनके योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राकेश धृतलहरे उपस्थित थे। उन्होंने डॉ. वॉटसन के डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना संबंधी ऐतिहासिक आविष्कार पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने डीएनए के आणविक संरचना अध्ययन, विविध अनुप्रयोगों, कृषि एवं चिकित्सा विज्ञान में इसके उपयोग और आने वाले समय में संभावित वैज्ञानिक खोजों पर भी विस्तार से जानकारी दी।

### उपलब्धियों पर चर्चा

प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक व्याख्यान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विज्ञान विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया कि डॉ. वॉटसन के आविष्कार ने डीएनए सीक्वेंसिंग की प्रक्रिया को अत्यंत सरल और त्वरित बना दिया है। संचालन डॉ. गोकुल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर देवश्री देवांगन, रोशन साहू, लक्ष्मीकांत साहू, प्रिया ठाकुर, डॉ. रोशनी राठौर, रामेश्वरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# बाल मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्राथमिक शाला नवागांव में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में गणित, हिंदी तथा अंग्रेजी कौशल के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम की आगाज राष्ट्रगान व राजकीय गीत से हुआ। कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों से इंस्टॉल में लगे तथ्यों के बारे में प्रश्न भी किया जिसका छात्रों ने अपनी भाषा में उत्तर दिया। कार्यक्रम में सरपंच मदनराम देवांगन, नरेंद्र वर्मा, ताराचंद सिंह ने हिस्सा लेकर बच्चों के प्रयास की सराहना की। ताराचंद सिंह ने बच्चों के लिए जंपिंग झूला भी लगवाया दिया था। इस दौरान मंजरी गजभिये, शिक्षक मनु ठाकुर, कनक साहू, अश्वनी साहू, सुशीला देवांगन, सुनीता देवांगन, हेम प्रमोद देवांगन, वंदना साहू, आरती वर्मा मौजूद थी।



# रंगोली प्रतियोगिता में धरेन्द्र विजेता




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय कला मंच के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर संगोष्ठी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, हेमूराम पदमे, भोजलाल वर्मा, कमल निर्मलकर एवं कौशल वर्मा थे। इस दौरान अतिथियों ने अपने विचार रखे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धरेंद्र कुमार, द्वितीय गीतांजलि कंवर एवं तृतीय स्थान हेमा नेताम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक जीके यादव, बेदप्रकाश साहू, गुलशन कुमार सिन्हा, तूलिका चक्रवर्ती, नीलम सिन्हा, गोकुल प्रसाद, देवश्री देवांगन, प्रिया ठाकुर, रोशन कुमार साहू, रोशनी राठौर, लक्ष्मीकांत साहू, सुखप्रीत कौर भाटिया, सौरभ वट्टी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाल मेला में बच्चों ने लगाए व्यजंनों के स्टॉल

# भूत बंगला ने बच्चों को लुभाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में बच्चों ने विभिन्न व्यजंनों के स्टॉल लगाए थे, जिसका अभिभावकों, नागरिकों सहित बच्चों ने लुत्फ उठाया। बाल मेला में डिस्को रूम और भूत बंगला ने बच्चों को काफी आकर्षित किया। बाल मेला का शुभारंभ बीपीएस स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील पाण्डेय तथा बालकृष्ण सिन्हा ने फीता काटकर किया। इससे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ स्कूल परिसर में गाजे बाजे के साथ बच्चों ने मंड़ई शोभायात्रा निकाली। इस दौरान राऊत नाचा की झलक देखने मिली।

### पालक भी हुए शामिल

बालमेला में बच्चों ने गुपचुप, भेल, पास्ता, गुलाब जामुन, पेस्टी, कोल्डिंक, भजिया, अंकुरित चना भेल सहित अन्य व्यंजनों के स्टाल लगाए। इस दौरान डायरेक्टर बिरेन्द्र राजपूत, महेश पांडेय, प्रिंसपल नीलेश श्रीवास्तव, शिवराज शांडिल्य, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, माधुरी साहू, तनुजा देवांगन, प्रीति साहू, चुलेश्वरी साहू, उषा साहू, भावना साहू, तारणी साहू, पिंकी देवांगन, प्रियंका पटेल, भारती साहू, प्रियंका सिन्हा, मीना पटेल, साक्षी साहू, वैशाली कोमरे, ज्योति कोमरे, प्रशान्त कुमार, विजय साहू, तामेश्वरी साहू, प्रथम निषाद, रेणुका देवांगन, तेज साहू, नीरज साहू, तनु साहू, मनोज साहू,उमेश यादव, तामेश्वर साहू, शिव यादव, धनजंय नायक आदि मौजूद थे।

# खेलों में जीतना ही नहीं, असफलताओं से सीखना भी बहुत महत्वपूर्णः गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद का समापन



रेंगाकठेरा में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की। समापन मौके पर श्री गांधी ने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कि इससे अनगिनत लाभ हैं। जीवन में खोल को अधिक से अधिक महत्व देना चाहिए। खेलने से शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहता है। उन्होंने कहा कि खेलों का उद्देश्य केवल जीतना ही नहीं, बल्कि असफलताओं से सीखना और निरंतर दृढ़ रहना भी है। यह दृष्टिकोण जीवन का एक सुनहरा अनुभव है। जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है। हमारे लिए यह सीखना ज़रूरी है कि सफलता को कैसे स्वीकार किया जाए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौती, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, सरपंच मधु ओमेश यदु, जनपद सदस्य ममता मनीष पटेल, विवेक मंडावी, हरिला साहु, पार्षद कोमल साहु, कपिल पटौती सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एसआईआर : मंत्री गजेन्द्र ने ली भाजपाइयों की बैठक

**दुर्ग।** दुर्ग में एसआईआर से संबंधित विषय को लेकर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की उपस्थिति बैठक आयोजित हुई। दुर्ग भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं पार्षदगण बैठक में शामिल हुए। बैठक में वार्डवार मतदाताओं के फ़ॉर्म की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्षदों से उनके-अपने वार्डों में एसआईआर फ़ॉर्म भरने की प्रगति, शेष कार्य, और आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में एसआईआर की भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़मीन पर लागू करने में भी सहायता मिलेगी। केबिनेट मंत्री यादव ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डों में सक्रियता बढ़ाएँ, टीम के साथ समन्वय बनाए रखें और मतदाताओं से सतत संपर्क में रहकर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने प्रत्येक वार्ड की स्थिति का बिंदुवार मूल्यांकन कर आगे की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन दिए।

### राज्य स्तरीय कबड्डी में खुमान ने दिलाया द्वितीय स्थान

**दुर्ग।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला महासमुंद में 6 से 9 अक्टूबर तक सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा, पाटन के खिलाड़ी खुमान साहू ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र एवं विद्यालय का मान बढ़ाया। राज्य स्तर पर चयनित होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खुमान साहू की इस उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण जिला दुर्ग के सहायक संचालक विलियम लकड़ाए प्राचार्य सेजस मर्रा, संतोष यादव ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी पाटन, ग्राम पंचायत मर्रा के सरपंच, शाला अध्यक्ष मर्रा तथा खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा के प्रशिक्षक भरत लाल ताम्रकार ने बधाई दी है।

### बीमार मां को देखने आई बेटी की हादसे में मौत

**भिलाई।** बीमार मां को देखने ससुराल से पहुंची विवाहिता की सड़क हादसे में मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है। राजनांदगांव निवासी साक्षी द्विवेदी अपने ससुराल से भिलाई तीन जाने के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां उसके पिता बाइक पर लेने पहुचे थे। पिता पुत्री दोनों बाइक से भिलाई तीन घर के लिए निकले थे। सुबह करीब 8.45 बजे पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक पिता दूर जा गिरे लेकिन बेटी साक्षी ट्रेलर की चपेट में आ गई। हादसे में साक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर इतनी तेजी में था कि साक्षी को कुछ दूर तक घसीटता ले गया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

---

**बैठक**

**विधानसभा स्तर पर कांग्रेस कमेटी ने धान खरीदी व्यवस्था को मजबूत करने पर किया मंथन**

# विधायक संगीता की अध्यक्षता में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा के अध्यक्षता में विधायक कार्यालय में आहूत की गई।

जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की गई, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दूर्गु राम सिन्हा, महामंत्री शादिक अली, सुमित राजपूत, डॉ. किशोर साहू एवं समस्त कार्यकारिणी के सहमति से धान खरीदी को सुचारु रुप से संचालन के लिए निगरानी समिति के सदस्यों का चयन किया गया, एसआईआर के लिए नियुक्त बीएलए को संबंधित बूथ मे सक्रिय रह कर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। बैठक मे प्रमुख रूप से जोन प्रभारी यशवंत गोस्वामी, जीतेन्द्र यादव, सेक्टर प्रभारी बल्ला कुंजाम, उमर अली, सोमनाथ साहू, जनपद सदस्य अजित कुंजाम, भोजराज चंद्रवंशी, सीताराम सोरी, खिलावन कुंभज, हेमलाल साहू, रूपेंद्र गावड़े, हीरामन सोरी, पूरन लाल, योगेश सेन, रमेश सिन्हा, रिखिराम साहू, जिधन सिन्हा, खोमन सिन्हा, हीरामन सोरी तोषण सिन्हा, विष्णु ठाकुर सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे। सेवा सहकारी समिति बासीन में मेघुराम साहू, कोमल हिरवानी, सोमन हिरवानी, डीए साहू, मदन ठाकुर को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति धनेली के लिए लाल खा, भोजराम, रोहित सिन्हा, चिमन साहू, कुलदीप साहू का बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति घोघोपुरी के लिए खिले"वर केहरी, कुमार साहू, बंशीलाल देशमुख, खिलेश्वर साहू, परसराम हिरवानी, सेवा सहकारी समिति सुर्रा में पुनाराम, भीशम साहू, डोमार साहू, जालम साहू, खेमन साहू, सेवा सहकारी समिति गुरूर में भूशणपुरी, रिखी राम साहू, लोकूराम पटेल, हेमलाल धुरवे, देवलाल साहू, सेवा सहकारी समिति मोखा में जीवधन सिन्हा, रामेश्वर धुरव, उत्तम साहू, खिलेश्वरकटन्द्र, हरी सिन्हा को बीएलए बनाया गया है।



सेवा सहकारी समिति धीरपाल चन्द्राकर, दशरथ निर्मलकर, गिरधारी देवांगन, दिनाराम, योगे"वर पटेल को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति कंवर के लिए कुले"वर ढीमर, मिश्री मोरार, गंगाराम चक्रधारी, द्रोणा साहू, अवध बिहारी को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति पलारी सनौद के लिए पुने"वर साहू, चोवाराम साहू, यानेश साहू, अश्वनी साहू, व्यासनायण साहू को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति अरकार के लिए दिलीप केसरवानी, ओमप्रकाश साहू, राजेश्वर सेन, भूषण कलिहारी, एगे"वर साहू को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति अरमरीकला के लिए दिनेश साहू, नारद साहू, केजूराम साहू, रवि साहू, ईश्वर बंजारे को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति मोहारा के लिए बहुर धनकर, धनुश साहू, दुर्जेंद्र साहू, भोजराम गंगबेर, पुरारद साहू को बीएलए बनाया गया है।

सेवा सहकारी समिति सोरर के लिए मनोज, राम खिलावन कुंजाम, ब्रिजभुशन औधिंया, यशवंत गोस्वामी, उमाशंकर सिहरे को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति पाररास धनोरा के लिए पारख राम साहू, कुंभलाल देहारी, नरेश नागवंशी, दाउलाल, भानु सिन्हा को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति नारागांव के लिए नीलकंठ तारम, हिरामन सोरी, रूपेन्द्र गावड़े, अगे"वर मंडावी, हेमलाल साहू को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति हितेकसा के लिए हलाल खोर कुंजाम, सीताराम सोरी, बल्ला कुंजाम, रामधर कुंजाम, अजीत कुमार कुंजाम को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति कोचवाही के लिए विष्णु ठाकुर, रामगुलाल सोम, मनीराम सेवता, सहदेव ठाकुर, रविन्द्र कुलदीप को बीएलए बनाया गया है। सेवा सहकारी समिति मिर्रीटोला के लिए भगवानदास, रमेश जोगी, डोमार साहू, राजू गायकवाड़, रामकृष्ण को बीएलए बनाया गया है।

---

# नाई समाज भवन का भूमिपूजन व शपथग्रहण समारोह 27 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के जुर्रीपारा बालोद मे 27 नवंबर को प्रातः 10 बजे सेन नाई समाज के सामाजिक भवन निर्माण का भूमि पूजन एवं जिला सेन समाज के पदाधिकारियों एवं ब्लाक पदाधिकारीयों का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया है।

> ■ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन होंगे शामिल

जिसमे भूमि पूजन के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा छत्तीसगढ़ यशवंत जैन रहेंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख करेंगे। विशिष्ट अतिथि छाया विधायक सजारी बालोद राकेश यादव, प्रदेशाध्यक्ष सेन समाज छत्तीसगढ़ पुनित सेन, अध्यक्ष फिल्म विकास निगम छग शासन मोना सेन, उपाध्यक्ष लघु वनोपज सहकारी संघ छग शासन रायपुर यज्ञदत्त शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश सोनी, जिलाध्यक्ष सेन समाज बालोद संतोष कौशिक, जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी बालोद चंद्रेश हिरवानी, पुर्व नगर पालिका परिषद बालोद विकास चोपड़ा, पार्षद वार्ड 15 गोकुल ठाकुर सहित सेन नाई समाज के प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी ब्लाक पदाधिकारी इकाई पदाधिकारी सहित बालोद नगर के सैलुन संघ के पदाधिकारी गण की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

दोपहर 1 बजे से नव निर्वाचित जिला सेन पदाधिकारियों एवं ब्लाक पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष केश शिल्पी कल्याण बोर्ड छग शासन रायपुर नंद कुमार सेन रहेंगे। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष सेन समाज छत्तीसगढ पुनित सेन करेंगे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष फिल्म विकास निगम छग शासन मोना सेन, उपाध्यक्ष प्रदेश सेन समाज आशुतोष श्रीवास, प्रदेश सचिव सेन समाज रायपुर बीएल कौशिक, कोषाध्यक्ष छग सेन समाज किशन सेन, संरक्षक जिला सेन समाज बालोद जगन कौशिक, प्रदेशाध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश सेन समाज रायपुर लोक नाथ सेन सहित प्रदेश सेन समाज अन्तर्गत समस्त जिला अध्यक्ष गणों की उपस्थिति में शपथग्रहण ग्रहण समारोह होंगे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए सैलून संघ अध्यक्ष मुकेश कौशिक, ब्लाक अध्यक्ष सेतु राम सेन एवं ईकाई अध्यक्ष ढालेशवर भारद्वाज ने सभी जिले के सामाजिक पदाधिकारियों से अपील किया है कि 27 नवम्बर दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे तक जिला मुख्यालय जुर्री पारा बालोद पहुंच कर समारोह को सफल बनावे।

---

# नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी, 65 बच्चों ने दिलाई जांच परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नवोदय विद्यालय प्रवेश की तैयारी में 65 बच्चों ने जांच परीक्षा दिलाई। सतत रूप से अभ्यास ही सफलता की नींव बनती है, लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, उक्त सदवाक्यों को चरितार्थ करने 13 दिसंबर 2025 को होने वाली नवोदय विद्यालय प्रवेश की मुख्य परीक्षा हेतु विकासखंड गुरूर के संकुल जगतरा और पुरूर के समन्वयक दिलीप कुमार साहू के विशेष पहल में 65 विद्यार्थियों ने प्रथम जांच परीक्षा में सहभागिता की। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरूर में आयोजित इस परीक्षा में चिटौद, बोरीदकला, मुड़खुसरा, आमापानी, सोन्हतरा, पुरूर, जगतरा, नैकुरा के प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पांचवी में अध्ययनरत व नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। ग्रामीण प्रतिभावान बच्चों के लिए यह पहल सराहनीय है – प्राचार्य विद्याभूषण पहले जांच परीक्षा (मॉक टेस्ट) के लिए गत वर्षों के प्रश्न पत्र की मदद ली गई थी, ओएमआर शीट में विद्यार्थियों को अनुक्रमांक, स्वयं एवं पिता का अंग्रेजी में नाम, राज्य, जिला, विकासखंड व केंद्र कोड, प्रश्न पत्र क्रमांक लिखना, संबंधित गोला भरने हेतु संकुल समन्वयक के साथ प्रधानपाठकों की टीम में माधो राम साहू, धनेश राम भोजवानी, श्यामलाल साहू व बसंत कुमार साहू ने मार्गदर्शन किया, इस दौरान स्थानीय परीक्षा केंद्र के प्रभारी प्राचार्य विद्याभूषण साहू ने अवलोकन किया। उन्होंने इस तरह से मुख्य परीक्षा के पहले ही बच्चों के बेहतर तकनीकी समझ के लिए की गई पहल की सराहना की।

> ■ सफलता के लिए सतत अभ्यास पर ज़ोर



### 80 प्रश्नों में मानसिक योग्यता, अंकगणित व भाषा योग्यता का होता है परीक्षण

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पैटर्न के संबंध में शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि नवोदय विद्यालयों में प्रवेश केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित चयन परीक्षा के आधार पर दिया जाता है, इसे यह सुनिश्चित करते हुए तैयार किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रें के प्रतिभाशाली बच्चे, किसी असुविधा के बिना इस परीक्षा में प्रतिस्पद्र्धा कर सकें। इस परीक्षा में कुल 100 अंकों का 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न 3 सेक्शन में होता है, जिसमें मानसिक योग्यता के 40 प्रश्न 25 अंक, अंकगणित परीक्षण के 20 प्रश्न 25 अंक तथा भाषा योग्यता के 20 प्रश्न 25 अंक सम्मिलित होते हैंद्य आगामी मुख्य परीक्षा के पहले इसी तरह से दोनों सप्ताह में 2 बार और जांच परीक्षा आयोजित की जाएगी।

---

# चेन स्नेचिंग के पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चेनस्नेचिंग करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदात 5-19 नवम्बर के बीच हुई थीं। ये घटनाएं कुम्हारी क्षेत्र सहित भिलाई के सेक्टर-1 सड़क 9, सेक्टर-10 सड़क 12 और सड़क 23 और प्रियदर्शनीय परिसर में हुईं। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने नाकेबंदी की और सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया। सूचना पर पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी, कैपिटल सिटी फेस-2, सड्डू रायपुर में दबिश देकर कैपिटल सिटी रायपुर निवासी पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर, अब्दुल मुकीम और ज्वाला बैरागी को मेस्ट्रो सीजी 07 बीजे 5389, सीजी 04 पीवाई 6315, सीजी 04 एमएस 1273 के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी बैरागी मोहल्ला, पावर हाउस निवासी ज्वाला बैरागी ने वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ज्वाला के मुताबिक बहन के घर रायपुर सड्डू आता-जाता था और वहीं से अपने दोस्त अब्दुल मुकीम, पुरुषोत्तम और एक नाबालिग के साथ हर सुबह भिलाई क्षेत्र में बाइक बदल-बदलकर घूमता था।

---

## ग्राम पंचायत घोटिया में मनाया गया मितानिन दिवस...




**डोंडी।** ग्राम पंचायत घोटिया में मितानिन दिवस सादगी एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच ममता मंडावी, उप सरपंच भोज कुमार और पंच हेमंत साहू की उपस्थिति में मितानिनों का सम्मान किया गया।मितानिन सुल्ताना पटेल, वेदांत साहू, पुष्पा गावड़े, कमला साहू तथा कला कुमेटी सहित ग्राम के अन्य प्रमुख लोगों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने मितानिनों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर सेवाएं देने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम स्तर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

---

**सामाजिक समरसता व नशामुक्ति का संदेश दिया**

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज, साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम कोनारी स्थित कमला भवन में गरिमामय तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।समारोह की शुरुआत मां कर्मा की आरती और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिला साहू संघ अध्यक्ष नंद कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक डॉ. दया राम साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड दीपक साहू, दिव्या साहू सहित वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष पुसऊ राम साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, संगठन सचिव सुमरन साहू, महिला संगठन सचिव द्रोपती साहू सहित महासचिव उमाशंकर साहू व द्वारिका साहू को शपथ दिलाई।मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज ही जीवन को आदर्श बनाने की प्रेरणा देता है। साहू समाज सदैव अनुकरणीय रहा है और सामाजिक समरसता इसकी पहचान रही है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपने पद की गरिमा बनाए रखने, सरलता से कार्य करने और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की मदद के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को समाज की महान विभूतियों के बताए मार्ग पर चलने एवं संस्कृति-संस्कार को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। पूर्व मंत्री रमशिला साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए सभी को जागरूक रहने की सलाह दी। स्वागत भाषण प्रीतम साहू ने दिया तथा आभार प्रदर्शन जागेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन द्रोपती साहू ने किया। समारोह में तहसील एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

---

**महाविद्यालय के पूर्व स्वयंसेवकों ने साझा किए अनुभव, नए प्रतिभागियों को मिली प्रेरणा**

# स्वयंसेवकों को एनएसएस प्रमाण पत्रों के नियम, पात्रता और महत्व से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर स्वयंसेवकों को एनएसएस के ए, बी एवं सी प्रमाण पत्रों सहित राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय शिविरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि वरिष्ठ स्वयंसेवक धनेश साहू ने तीनों प्रमाण पत्रों के नियम, पात्रता एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि ए प्रमाण पत्र 240 घंटे की सेवा पूर्ण करने पर मिलता है। बी प्रमाण पत्र के लिए ए प्रमाण पत्रधारी स्वयंसेवक को अनिवार्य एवं चयनात्मक गतिविधियों में एक वर्ष के भीतर कम से कम 6 गतिविधियां पूर्ण करनी होती हैं। वहीं सी प्रमाण पत्र हेतु स्वयंसेवक का बी प्रमाण पत्रधारी होना तथा 10 दिवसीय विशेष शिविर में भागीदारी अनिवार्य है। इसके साथ ही 20–30 पृष्ठों की प्रोजेक्ट रिपोर्ट विश्वविद्यालय स्तर पर मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत करनी होती है।

उन्होंने यह भी बताया कि एनएसएस में महाविद्यालय स्तर के अलावा राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय शिविरों का भी आयोजन किया जाता है, जिनमें चयनित स्वयंसेवक महाविद्यालय, जिला, विश्वविद्यालय एवं राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। एनएसएस के प्रमाण पत्र शैक्षणिक तथा शासकीय भर्तियों में भी विशेष महत्व रखते हैं।



विशेष अतिथि कामता प्रसाद ने राष्ट्रीय सेवा योजना में अपने अनुभव साझा किए तथा राष्ट्रीय एडवेंचर कैंप की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भुआर्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान के लिए गौरव की बात है कि यहां के स्वयंसेवकों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट नेतृत्व कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को एनएसएस की गतिविधियों से जुड़कर नेतृत्व, सेवा एवं समाजोपयोगी कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

---

## पेज 11 के शेष

### कलंगपुर की प्रार्थना सभा ...

मामले में पूछताछ कर कार्यवाही की। बालोद जिला में लंबे समय से कई स्थानों पर ईसाई मिशनरियों के कुछ पास्टर गैर कानूनी कार्यों को अंजाम देकर भोले भाले लोगों का ब्रेनवास कर मतांतरण का काम कर रहे हैं।

### लंबे समय से मिल रही ....

व अनुयाई बताते हैं। बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन विहिप संगठन ऐसे कार्यों के विरोध में खड़ा है। ऐसे मामलों पर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी से काम कर कार्यवाही कर रही है। जिससे ऐसे कार्यों पर लगाम लगेगा।

### धोबनी में पिता ने बेटे ...

था। घर के आस पास के लोगों से घटना के संबंध में पुछा तो बताये कि रात्रि करीबन 8.30 बजे लड़का कोमल को सुमन दुग्गा के द्वारा बल्ब का पैसा पटाना है। पैसा दो मांगने पर नहीं देने पर धारदार टंगिया से मारपीट किया है पता चला। थोड़ी देर बाद 108 एम्बुलेंस आया और ईलाज के लिए गांव हरि राम कोवाची एवं बहु रामेश्वरी के साथ जिला अस्पताल बालोद ले गये रिफर करने पर रायपुर एम्स में ईलाज हेतु भर्ती है।

### 69वीं राष्ट्रीय शालेय ...

सरपंच श्रीमती वेद बाई पिस्दा, जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस, उपसरपंच नितिन जैन, पूर्व जनपद सदस्य संजय बेस, मनीष जेठवानी, अनिल सुथार, तथा शाला प्राचार्य सुनीता यादव एवं पूरे शाला परिवार ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

### कलेक्टर दिव्या ...

कार्यक्रम, उक्त रक्त चाँप व डायबिटिस के मरीजों की पहचान ईलाज व फालोअप, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों का वय वंदना कार्ड की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने आगामी माह में समस्त कार्यक्रमों में शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुनील चंद्रवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके, सिविल सर्जन डॉ. आरके. श्रीमाली जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, जिला नोडल अधिकारी डॉ.जीआर. रावटे, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### तीन किलो गांजा बरामद चार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले तीन आरोपी समेत एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक बिना नंबर की स्कूटी में थैला के भीतर गांजा भरकर दुर्ग से नदी की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। उनकी पहचान उरला मोहन नगर निवासी वामन यादव, मुकेश वर्मा, घूमका राजनंदगांव निवासी योगेश साहू व नाबालिग के रूप में हुई। आरोपियों ने बताया वो लोग गांजे की डिलवरी करने जा रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने तीन किलो गांजा , मोबाइल फोन, स्कूटी व नगदी चार हजार रुपए जब्त किया गया।

### नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य, वृद्ध गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना शुक्रवार देर रात की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि परमसुख सोनी से नाबालिग ने लिफ्ट मांगी थी। कुछ दूर जाने के बाद आरोपी नाबालिग से अश्लील हरकत करने लगा। नाबालिग के बयान के अनुसार आरोपी ने पहले उसे जबरन किस किया। मना करने पर भी आरोपी नहीं रुका। उसने नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना शुरू कर दिया। डर के मारे नाबालिग किसी तरह आरोपी से बचकर निकला और अपने घर पहुंचा। घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी परमसुख सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### दंपत्ति को वाहन से कुचलकर जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** दीवार में छेद कर लोहे का एंगल फंसाने को लेकर हुए पड़ोसी से विवाद के बाद तीन आरोपियों ने वृद्ध दंपत्ति के साथ गाली गलौज कर उन्हें जान से मारने और वाहन से कुचलने की धमकी दी। वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि राजपूत मोहल्ला ग्राम ननकट्ठी निवासी मीडिया कर्मी लोकेश्वर सिंह ठाकुर घर के बाजू में तेजस्वी शर्मा का मकान है। तेजस्वी शर्मा ने पीड़ित के दीवार में छेद कर लोहे का एंगल फंसा कर रखा है। 13 नवंबर की रात को घर में दो व्यक्ति पहुंचे और घर के भीतर आने की बात कहकर दीवाल को तोड़ना चाहते थे। तब लोकेश्वर सिंह ने दोनों को मना कर दिया। इसके बाद दोनों ने उनके पड़ोसी तेजस्वी शर्मा के पास पहुंचे। थोड़ी देर बाद तेजस्वी शर्मा और अन्य ने मिलकर गाली गलौज करना शुरु कर दिया। तब आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी को दुर्घटना कर जान से खत्म कर देने की धमकी दी।

**प्रवचन**

**भक्ति के तीन स्वरूप और निष्काम प्रेम का वास्तविक अर्थः स्वामी युगल**

# समर्पित भाव से भक्ति करने पर ज्ञान और वैराग्य स्वमेव होते हैं प्रकटः स्वामी युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 17 वे दिन पूज्य स्वामी युगल शरण जी ने बताया कि पहली सकाम भक्त सब पाप पुण्य भस्म हो चुके भगवान मिल गये। लेकिन फिर भी हम यदि कहे कि हमें संसार दे दो, तो भगवान दे देते हैं। इसका तो कोई कक्षा ही नहीं।

दूसरी प्रकार सकाम भक्त भगवान अपनी इच्छा से संसार का कुछ सामान स्वयं दिया। ये दूसरे वाला, वह बढ़िआ तो नहीं, फिर भी ठीक है। तीसरे प्रकार की सकाम भक्त उनका एक अपना प्रस्ताव है। वह श्रीकृष्ण से संसार नहीं माँगते। उनका प्रस्ताव है कि श्रीकृष्ण को ही माँगते हैं। श्रीकृष्ण ही मेरे बेटे बनकर आए, श्रीकृष्ण ही मेरे पति बनकर आए, पिता बनकर आए। माने श्रीकृष्ण संबंधी कामना और उन कामना की पूर्ति से मुझे सुख मिले। तो अपने सुख के लिए श्रीकृष्ण संबंधित कामना। यह तीनों में से सर्वश्रेष्ठ। इसमें आते हैं कुब्जा आदि। ये तीसरे प्रकार की सकाम भक्त उत्तम हैं।



भगवान कहते हैं जो मेरा निष्काम भक्ति करता है, मैं उसकी हाथों बिक जाता हूँ। निष्काम प्रेम क्या है? निष्काम प्रेम का अर्थ है भगवान की इच्छा में अपनी इच्छा को जोड़ देना। भगवान की इच्छा जो है, वही मेरी इच्छा। सेवा का अर्थ होता है स्वामी की इच्छा में इच्छा रखना। स्वामी की क्या इच्छा, वो जानते हैं वह जो आज्ञा देंगे उसका पालन करना मेरा धर्म है। स्वामी क्या आज्ञा देंगे वह जानें उनकी सुख में मेरा सुख है। यदि मैं अपनी इच्छा बना ली, तो वह सेवा नहीं, वह तो फिर काम हो गया।

कर्म और ज्ञान को भक्ति की जरूरत है, लेकिन भक्ति को किसी का अपेक्षा नहीं रहती। वह स्वतंत्र है। भक्ति करने से ज्ञान और वैराग्य अपने आप आ जाएगा। इसलिए हमको भक्ति करनी है और भगवान की भक्ति नहीं करनी। इसके बारे में जानने से पहले हमको साधन भक्ति का गुण जानना है क्योंकि हमको साधन भक्ति करनी है। साधन भक्ति के छः गुण है। क्लेशघ्नी प्रारब्ध जन्य पाप, अप्रारब्ध जन्य पाप क्रियमाण कर्म जन्य पाप का नाश, पाप का बीज प्रवृत्ति नष्ट, वासना का कारण अविद्या अज्ञानता नष्ट। शुभदा सुख प्रदान करने वाली है। दिव्य गुणों का विकास होता है। संसार का सुख, स्वर्ग का सुख मिलता है। मोक्ष मिलता है। सब पवित्र हो जाता हैं। अन्तःकरण शुद्ध होता है। सब के साथ प्रीति उत्पन्न होता है। देवता लोग तथा सब प्रसन्न हो जाते हैं। मोक्षलघुताकृत ज्ञानियों का मोक्ष, भक्ति के सामने लघु बन जाता है, फिका पड़ जाता है। सुदुर्लभा मोक्ष दुर्लभ है, भक्ति बहुत ही दुर्लभ है।

सान्द्रानंद विशेषात्मा अनंत ब्रह्मानंद को एक तराजू के एक पलड़े में रख दीजिए। एक परमाणु प्रेमानंद को इसके साथ तौलिए। तो प्रेमानंद भारी होगा। श्रीकृष्णकर्षिणी– जगत को अपनी ओर खींचने वाला श्रीकृष्ण को भक्ति अपनी ओर खींचती है।साधना अवस्था में साधना भक्ति द्वारा हम मन को जो भगवान में लगाते हैं, उसके दो उपाय है।

एक है बैधी भक्ति और दूसरी है रागानुगा भक्ति। बैधी भक्ति का अर्थ होता है बिधि युक्त भक्ति। बिधि माने क्या है? वैदिक संविधान के अनुसार भक्ति करना जो वेद में नियम बताए गए हैं। तो वो विधि नियम के अनुसार करता है ताकि मेरे पाप का क्षय हो। और यदि मैं नहीं करूंगा, तो मुझे नरक मिलेगा। नरक के भय से वह भक्ति कर रहा है। ये सब बैधी भक्ति यानी कोई कामना को लेकर विधि नियम के अनुसार भक्ति करना है। दूसरा होता है रागानुगा भक्ति। केवल भक्ति और कुछ नहीं। बैधी भक्ति वाला कर्मकांड़ करता है, नियमों का पालन करता है। परंतु रागानुगा भक्ति वालों को कोई भय नहीं, वह वर्णाश्रम धर्म का पालन नहीं करता। वह सीधी–सीधी भक्ति करता है, उनको ना स्वर्ग मिलता है न नरक का भय रहता है। वह सीधा–सीधा प्रेम करता है भगवान को उसको कहते हैं– रागानुगा भक्ति।

# संसार असार है, आत्मा ही सारः संत वैराग्यमुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भगवान महावीर ने अपनी अंतिम देशना में संसार को असार बताया। भौतिक जगत के प्रति लोगो का आकर्षण ऐसा कि उसे आत्मा का शाश्वत सुख गौण दिखाई देता है। संसार के पदार्थो के पीछे पागलों की तरह दौड़ रहे हैं। उन पदार्थों को कौन भोगेगा, किसके लिए इकट्ठा कर रहे हैं ये भी पता नही, फिर भी भौतिक पदार्थों का आकर्षण कम नही हो रहा।



संत वैराग्यमुनि ने अपने प्रवचन की श्रृंखला में कहा कि जिन्हें परमात्मा के वचनों के प्रति श्रद्धा हो वो उसके विपरीत आचरण नही कर सकता। परमात्मा ने शाश्वत सुख क्या है पहले इसे समझा फिर उसे अमल में लाया फिर उन्होंने उपदेश दिया। विश्व स्तर पर जैन धर्म के सिद्धांतों को साइंटिफिक लेबल प्राप्त है। उसे जानने और समझने के लिए स्वाध्याय करना और उसे आचरण में उतारना आवश्यक है। भगवान के सारे उपदेश पाप से बचने और आत्मा के उत्थान के लिए ही हैं। इसे आत्मसात करके ही जीवन मे सरलता आ सकती है।

उन्होंने कहा कि सच्चा श्रावक वही है जिसमे साधुता का भाव हो और सच्चा साधु वही जिसमे कषाय न हो। देव गुरु, धर्म के प्रति आस्था से ही आत्मा को निर्मल बनाने का मार्गप्रशस्त हो सकता है, इसे आचरण में लाना होगा। अपने अंदर के राग द्वेष, क्रोध, मोह, लोभ आदि कषायों को दूर करके ही धर्म किया जा सकता है। आत्मा का जो स्वभाव होता है वह कषायों से रहित होता है। आत्मा की निर्मलता ही धर्म का सार है। संसार को सार मानकर जो सुख खोज रहे है वे मृगतृष्णा में जी रहे हैं।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरुर द्वारा ग्राम पंचायत कपरमेटा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

■ व्यक्तित्व विकास व जनजागरूकता पर केंद्रित सात दिवसीय शिविर का शुरुआत

जिसमें सुबह 5 बजे जागरण के पश्चात गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए प्रभात फेरी निकाला गया। ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया गया 6 बजे से योग एवं पीटी का अभ्यास किया गया।

परियोजना कार्य परियोजना कार्य में शासकीय प्राथमिक शाला कपरमेटा के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। साथ ही पेयजल के स्थानों का भी साफ– सफाई किया गया।

बौध्दिक परिचर्चा में बीआरसी गुरुर चंद्रभान सिंह निर्मलकर ने व्यक्तिव विकास विषय पर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। जहां बच्चों द्वारा रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्राचार्य चंदन सिन्हा थे। जिसमें नशा मुक्ति, बाल विवाह से संबंधित कार्यक्रम दे कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में सरपंच धनराज सोरी, उपसरपंच महेश सोरी, गयाधर प्रसाद सिन्हा, जागेश्वर धुरव, खोमेश्वर ग्रुरपंच, ओमेंद्र यादव, उमेश्वरी सिन्हा, गायत्री साहू एवं सभी स्वयं सेवक और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मुल्लेगुड़ा स्कूल में नेवता भोज कराया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मुल्लेगुड़ा में नेवता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लोक निर्माण विभाग की मुख्य कार्यपालन अभियंता पूर्णिमा चंद्रा ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर वनांचल क्षेत्र में बसे मुल्लेगुड़ा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नेवता भोज का आयोजन किया। भोजन उपरांत सभी बच्चे मिलकर भारत माता से संबंधित संस्कृत में गीत गए। प्रभारी प्राचार्य सीएल कलिहारी ने कहा कि नेवता भोज का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मध्याह्न भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि उसे अधिक स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाना है यह सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाता है और बच्चों में समानता की भावना विकसित करता है।

इसलिए सरकार की इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए हम सबको सबको बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में 75 बच्चे, 15 शिक्षक, 20 समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। अंत में संकुल प्रभारी की ओर से सभी बच्चों को एक–एक कलम भेंट की।

# निपानी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

## खेलों से बढ़ती है दोस्ती और अनुशासन, मुख्य अतिथि जितेन्द्र वर्मा ने बढ़ाया





हरिभूमि न्यूजःजामगांव आर

यंग स्टार क्लब निपानी एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन निपानी में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा थे। अध्यक्षता कल्पना नारद साहू ने किया।

विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, सभापति जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा, तहसील साहू, समाज कोषाध्यक्ष नारद साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति निपानी बेनीराम साहू, महामंत्री निर्मल जैन, धनराज साहू, सरपंच राजेश ठाकुर, महामंत्री भाजयुमो श्रीकांत चंद्राकर, मुकेश ठाकुर, कुंजबिहारी सिन्हा, टेकेंद्र सिन्हा मंचासिन रहे।

खेल जीवन को खिलाड़ी भावना से खेलने का संदेश देती है

भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कबड्डी जीवन की खेल को खिलाड़ी भावना से खेलना सिखाती है। मैदान में हम कट्टर प्रतिद्वंदी होते है और मैदान से बाहर आते घनिष्ठ मित्र बन जाते है। कबड्डी खेल के इस रहस्य को जो समझ जाते है उनको जीवन के सफर में आनंद आता है। वर्मा ने कहा कि कबड्डी अनुशासन पल पल सजगता भी सिखाती है जो सार्थक एवं सफल जीवन के लिए अत्यावश्यक होती है।

### कबड्डी खेल खेल में जीवन का रहस्य समझाती है

जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि जीवन एक खेल है और खेल को खिलाड़ी भावना से खेलने वाले उलझते नहीं है। कबड्डी का खेल हमें जीवन का यह दर्शन समझाती है। जनपद सभापति रवि सिन्हा ने कहा कि कबड्डी दोस्ती का पैगाम लेकर आती है और आपस में एक दूसरे का ऊर्जा बढ़ाती है प्रतिभा में निखार लाने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करती है।

**इनकी भी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर नारद साहू, भरत निर्मलकर, कन्हैया पाण्डेय, जगेंद्र सिन्हा, केशव बंछोर, गुलशन सोनी, नरेश सिन्हा, सालिक रघुवंशी, नरेश नट, दिलीप सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा, रविशंकर जोशी, तोरण साहू, मनीष कुमार साथ ही यंग स्टार क्लब निपानी के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, सदस्यगण व भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय लोकनृत्य में कोड़िया स्कूल तृतीय स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जनसंख्या शिक्षा के अंतर्गत एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं एससीईआरटी छत्तीसगढ़ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर रायपुर में राज्य स्तरीय लोकनृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में लोकनृत्य श्रेणी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी तोषी साहू, तीमा ठाकुर, लेखनी निषाद, आरुषि साहू, त्रिवेणी, लुकेश्वरी निषाद ने व्याख्याता डॉ. सरोज साहू के निर्देशन में आकर्षक वेशभूषा और मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत किया। टीम ने 'स्वस्थ जीवनशैली का संवर्धन' थीम पर सशक्त प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों और निर्णायकों ने खूब सराहा।

दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों को एससीईआरटी छत्तीसगढ़ रायपुर के संचालक ऋतुराज रघुवंशी द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य नीलमणि उजवने द्वारा विद्यार्थियों को समय–समय पर प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता रहा।




सफल प्रस्तुति पर व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख, शीला चंद्रा, डॉ. रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, दानेश्वरी सिन्हा, वेदिका साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार, प्रीति सलाम, समीर भेलवा, वीरेंद्र गजपाल, टी.एन. साहू एवं सुनील दड़सेना ने हर्ष प्रेषित किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत और टीम वर्क का परिणाम बताया।

# स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार, दो पकड़ाए

**भिलाई।** स्मृति नगर में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने वहां छापेमारी की और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि पुलिस को मुखबिर ने सूचना मिली कि स्मृति नगर क्षेत्र में लविश फैमिली स्पा एंड सैलून और ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलून में मसाज के नाम पर अवैध देह व्यापार कराया जा रहा है। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। जांच करने पर पाया गया कि स्पा सेंटर में संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की गई।

# युवती को सम्मोहित कर किया अनाचार, आरोपी फरार

**भिलाई।** तीन दिन पहले युवती को घर से अपनी कार में अपहरण कर जबरन ले जाने वाले आरोपी को पुलिस पकड़कर भिलाई तीन थाना लेकर आई थी। आरोपी मौका पाते ही पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गया। आरोप है कि 19 नवंबर की सुबह कार में अज्ञात युवक ने युवती को खींचकर घर से बाहर निकाला, अपनी कार में बिठाया और साथ ले गया। इसका वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इसके बाद भी युवती की शिकायत पर जामुल पुलिस ने दोनों को पति पत्नी बताकर मामले को रफादफा कर दिया। परिजनों का कहना है कि युवक रायपुर निवासी हेमंत अग्रवाल ने आर्य समाज में उनकी बेटी से जबरन शादी की थी। हेमंत ने युवती को अपहरण कर कोंडागांव-दंतेवाड़ा की तरफ ले गया। पुलिस उसे खोज निकाला। इसके बाद उसे भिलाई तीन थाने में रखा गया, लेकिन पुलिस को चकमा देकर वह थाने से भाग गया। युवती का आरोप है कि हेमंत एक तांत्रिक है। घर की समस्या को तंत्र-मंत्र से ठीक करने के बहाने परिवार वालों से जुड़ा और उसके बाद उसे परेशान करने लगा। आरोपी ने तंत्र-मंत्र के जरिए उसे सम्मोहित किया और उसके अश्लील वीडियो बनाए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
कार्डियोलॉजी विभाग

डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
- फ्लेट पैनल कैथलैब (क्लैरिटी साफ्टवेयर के साथ)
- 24x7 Intesive Cardiac Care Unit
- एन्जियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, पेसमेकर, ICD, डिवाइज क्लोजर-ASD, VSD, PDA
- डे-केयर एन्जियोग्राफी
- ECG, Echo, TMT, DSE एवं हॉल्टर मॉनीटरिंग
- कार्डियक हैल्थ चेक-अप पैकेज
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737